तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026

12 ज्ञान का महाकुंभः भक्त माता कर्मा प्रतिभा परीक्षा में ...



11 लोहारी के पुश्तैनी कार्य से आत्मनिर्भर बनी संतोषी...





## खबर संक्षेप

### शाला बगईकोन्हा टी में पांचवीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला बगईकोन्हा टी में 11 फरवरी दिन शनिवार को कक्षा पांचवी के बच्चों का विदाई कार्यक्रम रखा गया जिसके मुख्य अतिथि सेवंत कुमार नेताम सरपंच ग्राम पंचायत बगईकोन्हा, अध्यक्षता बिहारीलाल कोमरे अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, भारत लाल नेताम, महेंद्र सिंह नेताम, समस्त शाला प्रबंधन समिति, बगईकोन्हा प्रधान पाठक महेश कुमार जगनायक उपस्थित रहे, बच्चों को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। सरपंच महोदय के द्वारा आशीर्वाद स्वरुप बच्चों को कक्षा उन्नति कर उच्च शिक्षा के लिए अन्य विद्यालय में जाने के बारे में बातें कही गई व प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए तैयारी करने की बात कही गई इस अवसर पर नवोदय विद्यालय में चयनित हुए बच्चों के पालकों द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें खीर पूरी केला मिठाई का वितरण किया गया। साथ ही साथ निहाल का जन्मदिन मनाया गया। तथा अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कक्षा पांचवी पढ़ने वाले सभी बच्चों के द्वारा विद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट की गई।

### चारवाही में 5 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ जारी



**बालोद।** ग्राम चारवाही में गायत्री प्रज्ञा महिला मण्डल एवं ग्रामवासी के द्वारा 5 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक जारी है। जिसमे कथावाचक हेमंत ब्यास है। जिसमे प्रथम दिवस प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मंगल कलश यात्र, संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस 12 अप्रैल को दोपहर 1 बजे देव पूजन एवं प्रज्ञा पुराण कथा, विराट दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। तृतीय दिवस 13 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, प्रज्ञा पुराण कथा एवं ऋषि पुत्रे की बिदाई की जाएगी। कार्यक्रम में सभी प्रकार के संस्कार पूर्णतः निःशुल्क कराए जा रहे है।

### गांजा के साथ महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा का अवैध कारोबार करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि टोल फ्री नंबर 1933 पर सूचना पर छावनी पुलिस जी.ई. रोड स्थित हीरो शोरूम के पीछे पावर हाउस पहुंची। दबिश देकर प्रगति नगर कैम्प-1 निवासी एन इमला को पकड़ा गया।

# स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिल रहा मालिकाना हक, राजस्व पखवाड़ा से बढ़ी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन की लोक–कल्याणकारी पहल और राजस्व पखवाड़ा के सफल क्रियान्वयन से बालोद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में खुशहाली की नई लहर देखी जा रही है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के अंतर्गत अब ग्रामीणों को उनकी जमीन और मकान का वास्तविक मालिकाना हक मिल रहा है, जिससे वर्षों पुराने संपत्ति विवादों का अंत हो रहा है। जिले के निर्धारित 669 ग्रामों में ड्रोन सर्वे का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। यह प्रशासन की तत्परता और आधुनिक तकनीक के प्रति सजगता का परिणाम है। जिले में सर्वे और अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से पूर्ण करने के बाद अब तक 12 गांवों के कुल 1,296 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख वितरित किए जा चुके हैं। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थित घरों और बाड़ियों का आधुनिक ड्रोन तकनीक से सटीक सर्वे किया गया है, जिससे पारदर्शी तरीके से दस्तावेज तैयार किए गए हैं।

■ बालोद जिले के 669 गांवों में ड्रोन सर्वे कार्य पूर्ण

जिला प्रशासन बालोद ने वर्तमान में चल रहे राजस्व पखवाड़े जो कि 01 अप्रैल 2026 से 15 जून तक संचालित होगा के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। इसके अंतर्गत लक्षित गांव 142 में 23,157 अधिकार अभिलेख वितरण का लक्ष्य रखा है।

## 12 गांवों के 1296 हितग्राहियों को मिले अधिकार अभिलेख



### अपनी संपत्ति पर कानूनी सुरक्षा मिली

जिले के गुरूर विकासखंड के ग्राम पीकरीपार के निवासी याद राम साहू और माखन लाल साहू ने शिविर के माध्यम से अपना अधिकार अभिलेख प्राप्त किया। अपनी खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने बताया कि अब उनके पास अपनी जमीन के पक्के दस्तावेज हैं, जिससे वे भविष्य में बैंक लोन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से ले सकेंगे। स्वामित्व योजना के अंतर्गत मिल रहा अधिकार अभिलेख केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि ग्रामीण सशक्तिकरण का आधार है। इससे ग्रामीणों को अपनी संपत्ति पर कानूनी सुरक्षा मिली है।



## परेशानी : खरीदी व्यवस्था में सुधार की किसानों ने की मांग

# चना खरीदी में अव्यवस्था से किसान परेशान क्यूआर स्टीकर की कमी से भुगतान भी अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

फसल परिवर्तन कर चना की फसल लेने वाले किसानो को चना विक्रय के लिए लोहे के चने चबाने पड़ रहे है। किसान दोहरा मार झेल रहा है, एक ओर किसान प्रशासन के लचर खरीदी व्यवस्था से परेशान है, दूसरी ओर ग्रेडिंग के नाम पर किसानो से अवैध उगाही की शिकायत जारी है।

■ चना विक्रय के लिए किसानों को लगाना पड़ रहा बार–बार चक्कर

चना विक्रय के लिए राज्य सरकार ने विकासखण्ड में 5 सेवा सहकारी समितियो में खरीदी केन्द्र स्थापित किया गया है। समस्त समितियो में किसानो के पंजीयन के आधार पर क्यूआर स्टीकर उपलब्ध नही है। समितियो में नाममात्र का स्टीकर भेजा जा रहा है। जिससे किसानो के साथ समिति प्रबंधन भी परेशान है।

पूरे विकासखण्ड के 122 ग्रामो के किसानो के लिए पांच केन्द्र ही होने से किसानो को चना विक्रय की तिथि व स्थिति जानने के लिए अपना काम छोड़कर तेज धूप में लंबी दूरी तय कर बार बार समिति का चक्कर काटना पड़ रहा है, लेकिन समिति के जिम्मेदार भी कोई सही जानकारी नही दे पा रहे है क्योकि उन्हे भी नही पता कि क्यूआर स्टीकर कब कितना मिलेगा। इससे रोज विवाद की स्थिति बन रही है। इससे किसानो में नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। सेवा सहकारी समिति गुरूर के खरीदी केन्द्र में तो स्थिति और भी विकट है वहां स्टीकर भेजने की सूचना के आधार पर समिति ने किसानो से चना तो खरीद लिया लेकिन स्टीकर नही आया। बीते चार दिनो से क्यूआर स्टीकर नही आने से लगभग 100 से अधिक किसानो से खरीदा गया एक हजार क्विंटल से अधिक का चना अब भी बिना रिकार्ड चढ़ाए खरीदी केन्द्र में पड़ा हुआ है। क्यू आर स्टीकर नही आने से समिति उसकी खरीदी की जानकारी ऑनलाईन नही चढ़ा पाई है। ऑनलाईन एंट्री नही होने से किसानो का भुगतान भी रूक गया है। उन्हे चना का भुगतान कब होगा समिति प्रबंधन बता नही पा रही है।

एक ओर किसान चना विक्रय में अपनी बारी के आने का इंतजार करते हुए बार बार समिति आने कई किलोमीटर की दूरी तय करते है, नंबर आ भी गया तो चना आसानी से नही बिकता, आरोप है कि किसानो को समिति में चना विक्रय में कथित रूप से ग्रेडर की मनमानी का शिकार होना पड़ रहा है। निर्धारित मापदण्डो का हवाला देकर ग्रेडर पर चना खरीदी नही करने की बात कही जाती है एवं थोड़ी देर बार गुमटी में, ट्रैक्टर ट्राली के पीछे या समिति में एकांत मे मिलने के बाद वही चना गुणवत्ता पूर्ण हो जाता है। इससे कई प्रकार के सवाल खड़े हो रहे है।

### ग्रेडिंग के नाम पर अवैध उगाही के आरोप



### पैसा लेकर ही चना खरीदी की जा रही : विधायक संगीता

विधायक संगीता सिन्हा ने खुले मंच से आरोप लगाया था कि पैसा लेकर ही चना खरीदी की जा रही है, उसके बाद भी स्थिति में कोई सुधार नही हुआ है एवं किसानो को कथित तौर पर पैसा देना पड़ रहा है। सेवा सहकारी समिति गुरूर प्रबंधक संतराम ने कहा चना ग्रेडिंग का कार्य शासन द्वारा बाहर से भेजे गए ग्रेडर द्वारा ही किया जा रहा है, हमे किसानो से ग्रेडर के कार्यशैली या उसके द्वारा पैसा लेने जैसे कोई शिकायत नही मिली है। गुरूर समिति में ग्रेडर के रूप में पहुंचे जितेन्द्र परिहार ने कहा ग्रेडिंग के लिए राशि लेने का आरोप गलत है, किसी किसान से कोई राशि नही ली गई है। किसानो का चना बिना किसी परेशानी के बिके ऐसा हमारा प्रयास रहता है। इसलिए थोड़ी बहुत कमीयो को भी नजर अंदाज किया जाता है।

# बस स्टैंड में जलभराव से नाराज पालिका अध्यक्ष सड़क पर बैठीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर के नया बस स्टैण्ड मे लगातार हो रहे पानी जाम की स्थिति से नाराज नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी पार्शदो के साथ कड़ी धुप में एनएच 930 पर सुबह से ही सड़क पर बैठ गई। जहां अधिकारी के आश्वासन के बाद पदाधिकारी धरना समाप्त किए।

■ 30 दिन में समाधान का आश्वासन

नगर के नए बस स्टैण्ड में हो रहे पानी जाम को लेकर एक बार फिर नगर पालिका बालोद के पदाधिकारी व सड़क निर्माण एजेंसी आमने सामने आ गए, इस बार अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कड़ा रूख अपनाया और कहा िनि"चत समावधि में कार्य पूर्ण करे, ताकि आगे तारिख पे तारिख वाली स्थिति नही चलेगी। जल्द से जल्द नए बस स्टैण्ड के व्यापारियो को पानी जाम की समस्या से छूटकारा मिले। जहां सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुआ धरना दोपहर 1 बजे तक चलता रहा जहां अधिकारी के आने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष ने पीडब्लूडी विभाग के अधिकारी को उक्त समस्या के समाधान के लिए नियत समय की मांग की गई, जिस पर अधिकारी द्वारा 30 दिन के भीतर उक्त सड़क पर पुलिया निर्माण कर पानी जाम की समस्या का हल करने की बात कही गई। इस दौरान उक्त स्थान पर व्यवसाय करने वाले किशोर बाफना ने बताया कि एनएच द्वारा जब से इस सड़क का निर्माण किया गया है तब से पानी जाम होने के कारण उन्हे व्यापार में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। जहां सड़क निर्माण के बाद नाली निर्माण के नाम पर गहरा गढ्ढा खोद दिया गया है महिनो से नाली का निर्माण नही हो रहा है, दुकान में आने जाने में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है, कुछ जगह नाली निर्माण हो जाने के बाद भी पानी निकासी नही होने तथा बस स्टैण्ड में पानी जाम होने पर नाली को तोड़कर पुनः नए सिरे से नाली निर्माण की गई, लेकिन फिर भी समस्या का समाधान नही हुआ, जिसके कारण बस स्टैण्ड से लगे व्यापारियो के लिए समस्याएं कम होने का नाम नही ले रही है।

# गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने 27 को विशाल जनआंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

गौ माता के सम्मान, संरक्षण एवं राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "गौ सम्मान आव्हान अभियान" को लेकर नगर तथा आसपास के क्षेत्र में माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो गया है। पूज्य संत श्री राम बालक दास जी पाटेश्वर धाम के पावन सानिध्य में आयोजित बैठक में 27 अप्रैल 2026 को होने वाले विशाल कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तय की गई।

■ संत राम बालक दास जी के सानिध्य में 27 अप्रैल कार्यक्रम की तैयारी तेज



बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 अप्रैल बुधवार को संत जी के नेतृत्व में लोहारा नगर में घर-घर जाकर व्यापक संपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नागरिकों को 27 अप्रैल के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही गांव-गांव से आए गौ-भक्तों को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित गौ-भक्तों, समाजसेवियों एवं आम नागरिकों को बड़े पैमाने पर हस्ताक्षर अभियान चलाने हेतु प्रपत्र भी वितरित किए गए, ताकि यह आंदोलन जन-जन का अभियान बन सके। विदित हो कि देशभर के संतों के आह्वान पर 27 अप्रैल 2026 को पूरे भारत के तहसील मुख्यालयों में एक साथ विशाल जनआंदोलन प्रस्तावित है। इस दौरान गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सशक्त केंद्रीय कानून बनाने की मांग को लेकर 35 सूत्रीय ज्ञापन केंद्र एवं राज्य सरकार को सौंपा जाएगा।

डौंडीलोहारा तहसील में इस दिन अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ने की संभावना जताई जा रही है। आयोजन समिति के अनुसार, 27 अप्रैल को प्रातः 8:00 बजे से गायत्री मंदिर के समीप भव्य पंडाल में कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। सुबह 8 से 10 बजे तक भजन-कीर्तन, गौ कथा एवं आध्यात्मिक प्रवचनों से वातावरण भक्तिमय रहेगा। इसके पश्चात हजारों की संख्या में गौ-भक्त, किसान, युवा, व्यापारी, कर्मचारी, माताएं-बहनें एवं ग्रामीणजन गौ माता और नंदी जी के प्रतीकात्मक नेतृत्व में विशाल रैली निकालते हुए तहसील कार्यालय पहुंचेंगे। आयोजन समिति ने तहसील के समस्त नागरिकों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने, अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने तथा 27 अप्रैल को अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराकर गौ माता के सम्मान के इस महाअभियान को सफल बनाने की भावपूर्ण अपील की है। उक्त बैठक में कार्यक्रम संयोजक महेंद्र जायसवाल, पावन देवांगन, संदीप लोढ़ा, राकेश सांखला, महरु राम सिन्हा, कृपाराम साहू, डॉ धर्मेंद्र साहू, दिनेश लोढ़ा, मुकेश देवांगन, सुरेश देवांगन, घनश्याम साहू, अजय बाफना, प्रकाश डोसी सहित अनेक गौभक्त व नारी शक्ति उपस्थित थे।

## अवैध लकड़ी तस्करी पर बड़ी कार्रवाई

# ग्रामीणों ने पकड़ी प्रतिबंधित लकड़ी से भरी मेटाडोर, चालक फरार, वन रक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज:डोंडी

डोंडी विकासखंड के ग्राम धोबनी 'अ' में प्रतिबंधित लकड़ी से भरी मेटाडोर पकड़े जाने के मामले में वन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक, चालक और वाहन के खिलाफ डोंडी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

वहीं कार्य में लापरवाही बरतने पर वन परिक्षेत्र दल्ली के वनरक्षक हिमांशु यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल को ग्राम धोबनी 'अ' में ग्रामीणों ने मेटाडोर क्रमांक सीजी 24 वी 2088 को रोककर पकड़ा। वाहन चालक ने पूछताछ में बताया कि लकड़ी डोंडी क्षेत्र से भरकर रायपुर ले जाई जा रही थी। वाहन में कुसुम और कहुआ प्रजाति की लगभग 20 नग गोल लकड़ियां विभिन्न आकार में भरी हुई थीं, जिन्हें तिरपाल से ढंककर रस्सी से बांधा गया था। चालक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन इसी दौरान वाहन चालक वाहन मालिक के निर्देश पर मेटाडोर लेकर फरार हो गया। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए वन मंडलाधिकारी बालोद के निर्देश पर वाहन मालिक, चालक एवं वाहन के खिलाफ डोंडी थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।



**अधिकारियों की देरी पर उठे सवालः** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद वन परिक्षेत्र अधिकारी राजहरा एवं तहसीलदार डोंडी मौके पर नहीं पहुंचे। वन विभाग की ओर से केवल वनरक्षक तथा राजस्व विभाग की ओर से पटवारी को भेजा गया, जबकि घटना स्थल मुख्यालय राजहरा से मात्र 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

### जनप्रतिनिधियों ने लगाया अवैध लकड़ी कारोबार का आरोप

घटना के दौरान जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम एवं जिला पंचायत सभापति (महिला एवं बाल विकास) चुन्नी मानकर भी मौके पर मौजूद थीं। उनका आरोप है कि लकड़ी का अवैध कारोबार करने वाले पोषण सोनकर ने ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में जनप्रतिनिधि अपनी सुरक्षा को लेकर डोंडी थाना में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे, लेकिन थाना प्रभारी द्वारा आवेदन लेने से इनकार किए जाने का आरोप लगाया गया है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि एक ही घटना में दो एफआईआर नहीं होने की बात कहकर पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं की, जबकि अलग-अलग मामलों में शिकायत दर्ज की जा सकती थी।

### वनरक्षक निलंबित

वन मंडलाधिकारी बालोद द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी दल्ली एवं परिसर रक्षक की टीम द्वारा वाहन और चालक को पकड़ने में असफल रहने पर वनरक्षक हिमांशु यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय परिक्षेत्र लोहारा निर्धारित किया गया है।

### अवैध कटाई पर संरक्षण का आरोप

जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने आरोप लगाया कि आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व एवं वन भूमि से प्रतिबंधित लकड़ी की अवैध कटाई और परिवहन अधिकारियों के संरक्षण में किया जा रहा है, जिसकी निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

### पुलिस कर रही जांच

थाना प्रभारी उमा ठाकुर ने बताया कि वन विभाग द्वारा दर्ज एफआईआर में पूरी घटना का उल्लेख किया गया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ हुए अमर्यादित व्यवहार का भी जिक्र है। पुलिस द्वारा सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## किसानों को गोबर-गोमूत्र आधारित खेती की दी जाएगी जानकारी

# गौ पालन व गौ आधारित कृषि को बढ़ावा देने जिलेभर में प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गौ पालन, गौ उत्पाद निर्माण, गौ आधारित कृशि एवं ग्राम विकास के उद्देश्यों को लेकर छ.ग. राज्य गौ सेवा समिति द्वारा प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डो में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।

■ गौ उत्पाद निर्माण और जैविक खेती के लिए किसानों को मिलेगा प्रशिक्षण

गौ सेवा समिति के जिला अध्यक्ष योगे"वर यादव ने बताया कि 14 अप्रैल को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कन्हारपुरी में श्री शंकर गौरी गोपाल असहाय दिव्यांग आश्रम में प्रशिक्षण व कार्यशाला आयोजित किया जाएगा। 11 अप्रैल को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के बड़गांव में शिविर का आयोजन किया गया था। 18 अप्रैल को बालोद नगर के श्री महावीर गौशाला में शिविर आयोजित किया जाएगा। 19 अप्रैल को अवारी नाला स्थित गौ शाला मे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड में 26 अप्रैल को गुण्डरदेही स्थित गौशाला मे शिविर का आयोजन किया जाएगा। योगेश्वर यादव ने बताया कि सभी स्थलो मे शिविर दोपहर दो बजे से 5 बजे तक संचालित होगा। शिविर मे गौ सेवा आयोग से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरो द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जिससे थ्योरी के साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण भी सम्मिलित है। उन्होने बताया कि शिविर के माध्यम से हम ग्रामीणो, गौ पालको, कृशको को यह बताने का प्रयास कर रहे है कि वे अपने घरो मे कम से कम एक गाय जरूर रखे। उस गाय से प्राप्त गोबर, गोमुत्र से मानव जीवन उपयोगी गौ उत्पाद का निर्माण कर घरो के खर्च को कम करे तथा खेतो में गोबर गोमुत्र निर्मित खाद, दवाई का उपयोग कर उच्च गुणवत्ता युक्त, जहर से मुक्त फसल उत्पादन करे। इससे हम कृशि लागत को भी कम कर सकते है।

### प्रत्येक सनातन परिवार की जिम्मेदारी



योगेश्वर यादव ने कहा समस्त कार्य छ.ग. राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिसेसर सिंह पटेल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है। आगे भी इस प्रकार के कार्य जारी रहेंगे। उन्होने कहा गौ माता की रक्षा, संरक्षण, संवर्धन प्रत्येक सनातन परिवार की जिम्मेदारी है। गौशाला में यह गौधाम में सभी गौ माता की रक्षा, संरक्षण, संवर्धन संभव नही है, बिना गाय के हम सनातन धर्म की कल्पना नही कर सकते। मानव के जन्म से लेकर मृत्यु तक प्रत्येक कार्य अनुष्ठान, पूजा, दैनिक कार्यो में हमे पंचगव्य के किसी न किसी पदार्थ की आवश्यकता होती है। यह कार्य सभी के सहयोग से ही संभव हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### गांजा सप्लाई करने वाले दो युवक और एक महिला पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** उड़िसा से गांजा तस्करी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बालाजी नगर श्री राम मंदिर के पास स्थित मकान में उड़ीसा से आए युवकों द्वारा गांजा लाकर बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने टीम बनाकर पहुंची और युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर चिंचेड, थाना तूसरा, जिला बलांगीर उड़ीसा निवासी नवीन राना, प्रमोद राणा,बालाजी नगर, खुर्शीपार दुर्गा अम्मा बताया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों से 9 किलो 500 ग्राम गांजा, नगदी रकम 12 हजार दो मोबाइल जब्त किया गया। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उड़ीसा से गांजा लाकर यहां बेचा करते थे। गांजा की कीमत 4.75 लाख रुपए आंकी गई है।

### सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों और कर्मियों से संवाद

**भिलाई।** पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी व कर्मियों की संवाद बैठक हुई। जिसमें एएसपी से लेकर आरक्षक स्तर तक के 60 वर्षीयि सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मी शामिल हुए थे। बैठक में अपना परिचय बताकर 38-40 वर्षों के पुलिस सेवा अवधि में अर्जित अनुभवों को साझा किया। सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा पुलिस की छवि सुधार के लिए आम नागरिकों के साथ व्यवहार में संवेदनशीलता, शिकायतों का त्वरित निराकरण, समय पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई बीट स्तर पर नियमित संवाद, सामुदायिक पुलिसिंग, मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। थाना प्रभारियों को एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में निवासरत सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों की जानकारी संधारित करें। बीट अधिकारियों कर्मचारियों के माध्यम से नियमित संपर्क बनाए रखें। व्हाट्सएप ग्रुप का गठन कर सतत संवाद स्थापित करें और मोहल्ला बीट पुलिसिंग में उनका सहयोग करें। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, मणीशंकर चंद्रा, डीएसपी क्राइम युमणी सिदार समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### एससी एसटी ओबीसी व अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों ने दिया दुर्ग में धरना

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण के संबंध में पारित धर्म विधेयक कानून के खिलाफ और पिछले तीन साल से लंबित पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण बिल शीघ्र लागू किए जाने की मांग को लेकर मूलनिवासी संघ के बैनर तले एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक वर्ग के सैकड़ों सदस्यों द्वारा मानस भवन दुर्ग मे धरना-प्रदर्शन कर रैली निकाली गई। इसके बाद जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। मूलनिवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ मे राज्य सरकार द्वारा धर्मांतरण पर धर्म विधेयक कानून पारित किया गया है जो कि छत्तीसगढ़ के नागरिको की धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रहार है।

# लोहारी के पुश्तैनी कार्य से आत्मनिर्भर बनीं संतोषी बाई, शासन की योजनाओं से मिला संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जब मेहनत की आंच और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का मेल हुआ, तो लोहार का काम करने वाली संतोषी बाई के जीवन में बदलाव की एक नई तस्वीर बनने लगी।

■ भूमिहीन मजदूर से आत्मनिर्भर महिला बनी

जिले के ग्राम बघमरा की रहने वाली संतोषी बाई विश्वकर्मा आज उन हजारों महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई हैं, जो शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी अपने व परिवार के सपनों को सच कर रही हैं। संतोषी बाई का जीवन भट्टी की आंच और लोहे की चोट के बीच बीता है। वे और उनके पति पुश्तैनी रूप से लोहारी के कार्य से जुड़े हैं। जहाँ आज के दौर में पारंपरिक व्यवसाय कम हो रहे हैं, संतोषी बाई ने इसे न केवल जीवित रखा बल्कि अपनी आजीविका का मुख्य आधार बनाया। वे आज भी पूरी तन्मयता के साथ कृषि उपकरणों कुदाल, टंगिया (कुल्हाड़ी) और हंसिया जैसे औजार बनाने का कार्य करती हैं। घंटों भट्टी के सामने बैठकर लोहे को आकार देना उनकी कार्य के प्रति समर्पण को दिखता है, जिसका परिणाम है कि उनके बनाए औजारों की मांग स्थानीय किसानों के बीच काफी है।

## मेहनत और योजनाओं के सहयोग से साकार हो रहा पक्के घर का सपना

### जरूरतों में संबल प्रदान किया

संतोषी बाई बताती हैं कि उनके पास खेती के लिए स्वयं की कोई जमीन नहीं थी। एक भूमिहीन कृषि मजदूर के रूप में जीवन अनिश्चितताओं से भरा था। लेकिन शासन की प्रमुख योजनाओं ने उनके जीवन की दिशा बदल दी है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत मिली 10,000 रूपये की वार्षिक सहायता तथा प्रतिमाह महतारी वंदन योजना की राशि ने उनके छोटे व्यवसाय को मजबूती दी और दैनिक जरूरतों में संबल प्रदान किया।



### संतोषी के बनाए कृषि उपकरणों की बढ़ी मांग

संतोषी बाई ने बताया कि उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती उनका कच्चा मकान था। खपरैल की छत और कच्ची दीवारों के बीच बरसात का समय काटना दूभर होता था। योजना के अंतर्गत मिली किस्तों का उपयोग कर उन्होंने अपने सपनों का पक्का मकान तैयार कर रही हैं, जो शीघ्र ही पूरा हो जाएगा। आज संतोषी बाई अपने पक्के घर की चौखट पर खड़ी होकर गर्व महसूस करती हैं। वे कहती हैं कि शासन की मदद ने उन्हें वह गरिमा और सुरक्षा प्रदान की है, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी। सरकार की योजनाओं ने हमारे परिवार को सहारा दिया। आज मेरा अपना पक्का घर बनने वाला है और मेरा काम भी अच्छा चल रहा है।

**आयोजन**

समाजिक जागरूकता पर दिया गया जोर

# ओबीसी महासभा ने मनाई ज्योतिबा राव फुले जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के आह्वान पर प्रदेश के अधिकांश जिलों में महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में बालोद जिला के ग्राम धनगांव विकासखंड डौंडीलोहारा में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले जयंती का आयोजन पटेल समाज के सामुदायिक भवन में किया गया।

जिसके मुख्य अतिथि ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम ,अध्यक्षता पदारथ पटेल एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी, रमेश गजभिए राममिलन साहू रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विजय पटेल के द्वारा किया गया ।अतिथियों के द्वारा महात्मा ज्योतिबा राव फुले के तेल्य चित्रों पर माल्यार्पण कर अबीर गुलाल लगाकर दीप प्रज्वलित किया गया। प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी ने महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 में महाराष्ट्र के एक बहुत ही साधारण परिवार में हुआ, लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन नैतिक साहस ,आत्मचिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले के सूक्ष्म संरक्षण में उनके आदर्शों पर चलकर ओबीसी महासभा द्वारा लगातार अपने हक अधिकार के लिए समाज में जागृति लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि महात्मा फुले का जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं । महात्मा ज्योतिबा फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं ।

प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम ने ओबीसी महासभा के अधिकार आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश में पोस्टकार्ड लेखन अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय जनगणना 2027 के जनगणना प्रपत्र के कालम नंबर 13 में ओबीसी के लिए भी पृथक से कोड नंबर निर्धारित कर चारों वर्गों का पृथक पृथक जनगणना कर आंकड़े को प्रकाशित करने के उपरांत ओबीसी समुदाय को आबादी के बराबर हिस्सेदारी (आरक्षण) दिए जाने एवं यूजीसी द्वारा 13 जनवरी 2026 को उच्च शिक्षण संस्थानों में सामान्य को बढ़ावा देने वाले विनियम 2026 के समर्थन में यह पोस्टकार्ड लेखन अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन ग्राम के वरिष्ठ नागरिक श्री दशरथ पटेल जी के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए किया गया।



**ये रहे मौजूद**

उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष संतराम पटेल ,रिखी राम ,जालम ,कार्तिक, ललित कुमार युवा मोर्चा, ताम्रध्वज, राधे पटेल, डोमन लाल ,कैलाश, शिवचरण, रामकुमार, सनत कुमार, मलखम,अमर ,सुखमा,पवारा,आशबत्ती, गरिमा ,मोनिका, तनुजा , यशस्वी एवं अंकिता सहित सैकड़ो ग्रामीण जन ने अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान किया।

## महात्मा ज्योतिबा राव फुले जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**डौंडीलोहारा।** महान समाज सुधारक एवं शिक्षाविद महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती अंबेडकर स्मारक समिति के अध्यक्ष पुनेश्वर देवांगन के निवास पर बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों से आए लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा फुले के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित अतिथियों एवं समाजजनों ने उनके आदर्शों को याद करते हुए शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दल्ली राजहरा से पधारे कुंभकरण पिस्दा, गायत्री देवांगन, पूर्णिमा देवांगन, श्रीमती पिस्दा बहन जी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू एवं रमेश गजभिये ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर महात्मा फुले के विचारों को आज के समय में और अधिक प्रासंगिक बताया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा फुले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिगत भेदभाव और अशिक्षा के खिलाफ जो अलख जगाई, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा और अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह उन्हें युगपुरुष के रूप में स्थापित करता है। कार्यक्रम के दौरान समाज में एकता, भाईचारा और शिक्षा के प्रसार का संदेश दिया गया। उपस्थित सभी लोगों ने महात्मा फुले के आदर्शों पर चलने एवं समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में पुनेश्वर देवांगन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जागरूक करने और नई दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

■ शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के अग्रदूत महात्मा फुले को दी श्रद्धांजलि

# रेंगाडबरी में सरस्वती शिशु मंदिर भवन का भूमिपूजन, 10 लाख रुपए से होगा निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

रविवार को वनांचल के रेंगाडबरी में 10 लाख रुपये की स्वीकृति से सरस्वती शिशु मंदिर का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच भावना जयेश जैन रहीं। उनके साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, उपसरपंच दमेन्द निषाद, ग्राम पटेल फगुवा राम निषाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती भावना जयेश जैन ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों को गांव में ही संस्कारयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की पहली सीढ़ी है। रूपेश सिन्हा ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा के लिए जाना जाता है। इससे आने वाली पीढ़ी संस्कारित बनेगी।

### ये रहे उपस्थित

उपसरपंच दमेन्द निषाद एवं ग्राम पटेल फगुवा राम निषाद ने भी विद्यालय निर्माण को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। भूमि पूजन के बाद निर्माण कार्य शीघ्र शुभारंभ किया जायेगा। इस अवसर पर डोमार सिंह नायक, नंदू भंडारी, मिलन भुआर्य, इंद्रपाल तुमरेकी,शेखर निषाद, पाल सिंह यादव सहित पंच गण ध्रुव प्रहलाद, मदन माहला, माहेश्वरी भुआर्य, गोमती बाई, तिलेश बाई, अंकलहीन बाई, रोशनी खरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, अभिभावक, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने किया शुभारंभ

# दुर्ग में संभागीय न्यायिक सेमिनार 92 अधिकारियों की रही भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संभाग दुर्ग के न्यायिक अधिकारियों हेतु एक दिवसीय संभागीय न्यायिक सेमीनार का आयोजन छत्तीसगढ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा जिला न्यायालय, दुर्ग में किया गया। इस सेमीनार में दुर्ग संभाग के बालोद जिला सहित पाँच सिविल जिलों से कुल 92 न्यायिक अधिकारियों ने सहभागिता की।

■ "मध्यस्थता 2 .0" प्रकाशन का हुआ विमोचन, ई-साक्ष्य और तकनीकी प्रगति पर विशेष चर्चा



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा न्याय एवं विधिक ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक दीप का प्रज्वलन कर सेमीनार का शुभारंभ किया गया। सेमीनार मे न्यायमूर्ति रजनी दुबे तथा न्यायमूर्ति रवीन्द्र कुमार अग्रवाल, छत्तीसगढ उच्च न्यायालय की उपस्थिति रही। मुख्य न्यायाधिपति ने नव अधिनियमित आपराधिक कानूनो के महत्व पर बल देते हुए कहा कि ये कानून आपराधिक न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम हैं, जिनमें तकनीकी प्रगति का समावेश किया गया है तथा अधिक प्रभावी और पीड़ित–केंद्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया गया है।

मुख्य न्यायाधिपति ने कहा कि चयनित विषय अत्यंत व्यावहारिक महत्व के है तथा ये निचली अदालतों के समक्ष आने वाली दैनिक चुनौतियों को प्रतिबिंबित करते हैं। परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरणों के संदर्भ में उन्होंने शीघ्र निराकरण हेतु नवाचारी प्रकरण प्रबंधन तकनीकों एवं उपकरणों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे प्रक्रियात्मक निष्पक्षता बनाए रखते हुए लंबित प्रकरणों का प्रभावी निपटारा सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्य न्यायाधिपति ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के बढ़ते महत्व पर भी सेमीनार में प्रकाश डाला तथा ई–साक्ष्य की अवधारणा, विशेष रूप से भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों की ग्राह्यता पर चर्चा की।

मुख्य न्यायाधिपति ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सेमीनार प्रतिभागियों के ज्ञान एवं कौशल को समृद्ध करेगा तथा न्यायिक कार्यों में आने वाली चुनौतियों के समाधान हेतु व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने निरंतर न्यायिक शिक्षा और विचारों के आदान–प्रदान के महत्व पर जोर दिया। निदेशक, छत्तीसगढ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर ने परिचयात्मक भाषण दिया, जिसमे उन्होंने सेमीनार के उद्देश्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की और बदलते कानूनी परिदृश्य में क्षमता निर्माण की बढ़ती आवश्यकता पर बल दिया। सेमीनार मे मध्यस्थता 2.0 दुर्ग के लिए मध्यस्थता रणनीति मॉडल नामक प्रकाशन का विमोचन मुख्य न्यायाधिपति ने किया। सेमीनार में कुल 92 न्यायिक अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विधिक विषयों पर प्रस्तुतिकरण दिए गए, जिनमे आदेश 7 नियम 10 एवं नियम 11, सिविल प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत न्यायालय की अधिकारिता एवं वादपत्र निरस्तीकरण की शक्ति, निष्पादन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु रणनीतियाँ, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के प्रकरणों के निपटारे हेतु तकनीक एवं उपाय, धारा 351 बी.एन.एस.एस. केअंतर्गत अभियुक्त के परीक्षण का उद्देश्य, ग्राह्यता एवं साक्ष्य मूल्य, तथा ई–साक्ष्य का अवलोकन एवं धारा 63 के अंतर्गत उसके वैधानिक प्रावधान जैसे विषय शामिल रहे। सेमीनार का उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों के ज्ञान एवं कौशल में अभिवृद्धि करना तथा न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध बनाना रहा। सेमीनार में नवीन आपराधिक कानूनो के प्रभावी क्रियान्वयन एवं न्यायिक अधिकारियों की दक्षता वृद्धि के उद्देश्य से एक रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया गया, जिसमें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, चतुर्थ एफ.टी.एस.सी. (पॉक्सो), दुर्ग द्वारा भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। वहीं, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, धमधा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित न्यायिक अधिकारियों को नवीन आपराधिक कानूनों की महत्वपूर्ण धाराओं, उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग तथा न्यायिक प्रक्रियाओ मे आए बदलावों से अवगत कराया गया। सेमिनार के दौरान प्रतिभागियो ने सक्रिय सहभागिता करते हुए विषय से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री के अधिकारीगण तथा दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा एवं राजनांदगांव जिलों के न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की पहल

# ग्राम चलो बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा का जनसंपर्क, लाभार्थियों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारतीय जनता पार्टी मंडल मिरएँटोला पुरूर के शक्ति केन्द्र कोचवाही में ग्राम चलों बस्ती चलों अभियान चलाया गया। कोचवाही शक्ति केन्द्र में ग्राम चलों बस्ती चलों अभियान के तहत मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय शामिल हुए।

जहां प्रभारी के रूप में पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय ने ग्राम में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओ के लाभाथएँ से सम्पर्क किया। टुके"वर पांडे ने लाभार्थीयो से भेंट कर उनसे चर्चा की और योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की। टुकेश्वर पांडे ने कहा भाजपा सरकार ग्राम के अंतिम छोर पर स्थित जरूरतमंदो को विकास के मुख्य धारा में लाकर उनके जीवन को सुकुनभरा करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री आवास से हजारो गरीब परिवारो स्वयं के पक्के मकान का सपना पुरा हुआ है। महतारी वंदन योजना महिलाओ को सम्मान से जीने का आधार दे रही है। भूमिहीन कृशको को दी जा रही सहायता उनक जीवन स्तर को उठाने में सहायक हो रही है। इस अवसर पर महामंत्री पिछड़ा मोर्चा संजय साहू, मीडिया प्रभारी जागेश्वर साहू, नरसिंग चोरमार, बाबूलाल सिन्हा, रूद्रप्रकाश साहू, गिरवर बंजरग, नरसिंग ठाकुर कार्यकर्ता बंधु गण उपस्थित थे।



## गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा नेताओं ने गुरूर नगर का किया भ्रमण



**गुरूर।** गांव चलो बस्ती चलो भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम के तहत गुरुर में बस्ती चलो अभियान के तहत नगर गुरूर का भ्रमण किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी शासन से लाभान्वित प्रधानमंत्री आवास महतारी वंदन योजना, कृषक सम्मान निधि जैसी विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित परिवारों से मुलाकात करके योजनाओं में मिली सहायता के संबंध में जानकारी ली गई। इस अवसर पर शक्ति केंद्र गुरुर के कार्यक्रम प्रभारी ईशा प्रकाश साहू, नगर पंचायत गुरुर के अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, शक्ति केंद्र संयोजक गिरधरलाल ठाकुर, बूथ अध्यक्ष रामेश्वर लावट्रे, टक्कू लोहले, चंद्र प्रकाश गांधी, पूर्व पार्षद मुरलीधर चौधरी, पार्षद नारायण टेके, अनसूया ध्रुव , जीतेश्वरी निषाद, मधु जगदाले, पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सहित नगर गुरु के भारतीय जनता पाटएँ के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता और लाभार्थी शामिल थे।

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार कौशल कुमार साहू पिता झाडू राम साहू, जाति तेली, साकिन आमदी, तह. व जिला धमतरी छ.ग. द्वारा ग्राम कंवर, तह. गुरूर, जिला बालोद छ.ग. के निवासी सुखम पति रामलाल ढीमर के भूमिस्वामी हक की ग्राम कंवर, तह. गुरूर, जिला बालोद छ.ग. में स्थित भूमि ख.न. 403/1 रकबा 0.40 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है जिसका मात्र पंजीयन बाकी है।

अतः उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वत्व व आधिपत्य के संबंध में जिस भी व्यक्ति, संस्था, साहूकार फर्म या अन्य किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो वह सूचना प्रकाशन के सात दिनों के भीतर सुसंगत दस्तावेजों सहित व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा वाद म्याद सौदा शुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा दिया जायेगा। बाद में की गई आपत्ति अमान्य शून्य माना जावेगा, जो मेरे पक्षकार पर लागू नहीं होगी।

**नारायण टुवानी, अधिवक्ता**
**जिला न्यायालय बालोद**



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ग्राम जुन्नापानी में गांव चलें बस्ती चलें अभियान चलाया

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव चले, बस्ती चले अभियान के तहत रेंगाडबरी अंतर्गत जुन्नापानी बुथ क्र. 42 बुथ के अध्यक्ष नौमेश वैष्णव, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रभारी निरंजन पड़ौती, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा के द्वारा उज्वला गैस, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, पशुशेड, अटल पेंशन आदि लाभार्थियों को एवं समाज प्रमुखों, वरिष्ठ नागरिकों को श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। घर-घर पहुंचकर नरेन्द्र मोदी सरकार की जन-कल्याणकारी योजना की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिला मोर्चा के उमा हिरवानी, नागेश्वरी वैष्णव, रामसुख देशमुख, दिलीप साहू, डामन सांडिल्य, कृष्णा साहू, दिलीप देशमुख , सरस्वती मानिकपुरी, जया सार्वा, केशव हिरवानी, कपिल सार्वा, बलरामदास मानिकपुरी, नोमेंद्र हिरवानी ,हेमंत साहू, हिरदे खाण्डेकर, भोला कुलदीप, राधेलाल यादव, रेवत कुंजाम शिव बघेल आदि उपस्थित थे।

### धारदार हथियार लहराते पुलिस ने युवक को पकड़ा

**भिलाई।** धारदार हथियार लहराने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। छावनी पुलिस ने बताया कि रायपुर रोड स्थित सी-मार्ट के पास व्यक्ति द्वारा हाथ में धारदार हथियार लेकर लहराने वाले दुर्गा पारा निवासी मयंक साहू उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से पुलिस ने धारदार हथियार जब्त किया।

### सट्टा का संचालन करने वाले तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** आईपीएल सट्टा का संचालन करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कंडरापारा के ऋषभ नगर स्थित मकान में आईपीएल क्रिकेट मैच (चेन्नई बनाम दिल्ली) में ऑनलाइन सट्टा संचालित हो रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर ऋषभ नगर निवासी विकास जैन, शिवपारा निवासी रौनक ताम्रकार, गवलीपारा निवासी प्रवीण ताम्रकर को पकड़ा। युवकों के पास से नगदी 9810 रुपए, चार मोबाइल उक्त सामानों की कुल कीमत 49 हजार 800 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने युवकों के खिलाफ धारा 4, 6, 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022, धारा 112(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने अपील किया है कि आम नागरिक किसी भी प्रकार के अवैध सट्टा एवं जुआ गतिविधियों से दूर रहें। ऐसी गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें।

### ट्रेन के एसी कोच अटेंडेंट के पास मिली विदेशी शराब

**भिलाई।** ट्रेन के एसी कोच में विदेशी शराब रखने वाले कोट अटेंडडेंट को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। रेलवे पुलिस ने दुर्ग ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन 22868 के कोच अटेंडेंट में दबिश दिया। जहां इ-7 में कार्यरत एसी कोच अटेंडेंट रीमन दास का तलाशी ली गई। जहां से बैग से कुल 12.236 लीटर विदेशी मदिरा बैग के भीतर छिपाया पाया गया। आरपीएफ ने करीब 4 हजार 140 रुपए का शराब जब्त की गई।

## परीक्षा : समाज की संस्कृति और इतिहास से जुड़ने का माध्यम बनी ज्ञान प्रतिभा परीक्षा

# ज्ञान का महाकुंभः भक्त माता कर्मा प्रतिभा परीक्षा में 1589 विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

### नई पीढ़ी को सामाजिक विरासत से जोड़ने ज्ञान प्रतिभा परीक्षा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





दल्लीराजहरा में जिला स्तरीय "भक्त माता कर्मा तैलीक ज्ञान प्रतिभा परीक्षा 2026" का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर से 1589 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह आयोजन न केवल एक परीक्षा रहा, बल्कि समाज की सांस्कृतिक विरासत, इतिहास और मूल्यों से नई पीढ़ी को जोड़ने का सशक्त माध्यम भी बना।

परीक्षा का मुख्य उद्देश्य समाज के आराध्य देवी-देवताओं, पूर्वजों के योगदान और सामाजिक एकता के महत्व को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना रहा। साथ ही विद्यार्थियों में बौद्धिक विकास, तार्किक क्षमता और समसामयिक ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

परीक्षा को तीन वर्गों में विभाजित किया गया था पूर्व माध्यमिक (कक्षा 6 से 8), हाई एवं हायर सेकेंडरी (कक्षा 9 से 12) और महाविद्यालय स्तर। प्रश्नपत्र में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न शामिल थे, जिनमें 60 प्रतिशत प्रश्न समाज, इतिहास, संस्कृति और समसामयिक विषयों से तथा 40 प्रतिशत प्रश्न विज्ञान, स्वास्थ्य, सामान्य ज्ञान और तार्किक क्षमता से जुड़े थे। जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा संपन्न कराई गई। आयोजन की सफलता इस बात का प्रमाण रही कि विद्यार्थियों में अपनी जड़ों से जुड़ने और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में आगे बढ़ने की प्रबल इच्छा है। आयोजकों के अनुसार, इस प्रकार की परीक्षाएं समाज में शिक्षा के स्तर को मजबूत करने के साथ-साथ प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने का प्रभावी मंच प्रदान करती हैं। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कारों की व्यवस्था भी की गई, जिससे छात्रों में प्रतिस्पर्धा का सकारात्मक माहौल बना।

शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रति जागरूक बनाते हैं। अभिभावकों ने भी आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि और अनुशासन विकसित होता है। समाज के प्रबुद्धजनों का मानना है कि ऐसे आयोजन आने वाले समय में एक सशक्त और जागरूक पीढ़ी के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि दल्लीराजहरा क्षेत्र में शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को लेकर सकारात्मक वातावरण तेजी से विकसित हो रहा।

### जिला स्तरीय भक्त माता कर्मा तैलीक ज्ञान प्रतिभा परीक्षा में 1638 विद्यार्थियों ने लिया भाग



**गुण्डरदेही।** रविवार को तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के तत्वाधान में जिला स्तरीय भक्त माता कर्मा तैलीक ज्ञान प्रतिभा परीक्षा का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पुरे जिले भर मे आयोजित किया गया था। जिसमें जिले भर मे कुल 1638 छात्र–छात्रओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रशासनिक और संगठनात्मक दृष्टि से इस परीक्षा को सुगम बनाने के लिए जिले के विभिन्न ब्लॉकों में 8 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। परीक्षार्थियों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर तीन मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया गया था। जिसमें माध्यमिक स्तर मिडिल स्कूल, हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्तर, महाविद्यालयीन स्तर कॉलेज शामिल है। तहसील अध्यक्ष डॉ. मानसिंह सार्वा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्येश्य बच्चों का बौद्धिक विकास करना और उन्हें समाज की गौरवशाली रीति–नीति व संस्कारों से जोड़ना है। ऐसी परीक्षाओं से युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस वृहद आयोजन की सफलता पर जिला साहू संघ बालोद के अध्यक्ष महेंद्र साहू ने गुण्डरदेही तहसील साहू संघ की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि आने वाले समय में इस ज्ञान प्रतिभा परीक्षा का विस्तार प्रदेश स्तर पर किया जाएगा, ताकि पूरे छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान छात्र इससे लाभान्वित हो सकें।

## प्राथमिक स्कूल चिटौद में पोषण जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बेहतर जीवन के लिए सही खाएं थीम से प्राथमिक विद्यालय चिटौद में पोषण जागरूकता का आयोजन किया गया। चलित प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों ने स्वस्थ रहने के उपाय जाना।

- चलित प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को दिया गया स्वास्थ्य का संदेश
- गर्भवती महिलाओं, पालकों व विद्यार्थियों को पोषण संबंधी मार्गदर्शन



प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया कि हमारा शरीर ही समस्त क्रियाकलापों का मुख्य माध्यम है, इसके विविध क्षमताओं और चुनौतियों के प्रति समय–समय पर जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है, इसी कड़ी में बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों तथा प्राथमिक विद्यालय स्तर से बच्चों को भी पौष्टिक भोजन, पोषण की भूमिका और स्वस्थ आदतों के बारे में अवगत कराने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिटौद के प्रतिभा मंच में स्वास्थ्य सभा आयोजित की गई, इसमें पौष्टिक आहारों को रंगोली के माध्यम से इनकी उपयोग और महत्व को समझाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं, पालकों, शिक्षकों व विद्यार्थियों को प्रोटीन, आयरन, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट, कैल्सियम, वसा, खनिज लवण आदि के उपयोग बारे में जानकारी प्रदान की। उपस्थित जनों को अपने स्वयं के शरीर, खानपान, रहनसहन, स्वच्छता आदि के बारे में शपथ दिलवाई। प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र पुरूर प्रभारी डॉ.कमल किशोर सिन्हा व आयुष्मान आरोग्य केंद्र चंदनबिरही के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक डॉ नीलकमल सिन्हा ने भी जानकारी प्रदान की।

विद्यालय के शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की विकासखंड गुरूर से आई चलित प्रोजेक्टर में बताया गया कि पौष्टिक आहार के साथ बच्चे खेलकूद में भाग लें, जंक फूड से परहेज करें, एनीमिया से बचाव के लिए आयरन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करें इसके साथ स्वास्थ्यवर्धक बातें शॉर्ट फिल्म के द्वारा दिखाई गई! इस कार्यक्रम को चारों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सोनबती धुरव, भारती निषाद, हेमलता मार्कंडेय व श्यामा साहू के संयोजन में सभी मितानिनों, विद्यालय प्रमुख, शिक्षक परिवार, विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ संपन्न किया गया।

## सुभाष नगर में रामायण पाठ और भंडारा का आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सुभाश नगर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 02 में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमे प्रातः 10 बजे से देऊर मंदिर प्रांगण से हनुमान भगवान एवं भगवान राम के तैलचित्र को कलश यात्र के माध्यम से कार्यक्रम स्थल पर बाजे गाजे के साथ कॉलोनीवासियो के सहयोग से मंच में विराजमान किया गया। नारी शक्ति महिला रामायण पार्टी सुभाश नगर महिलाओ की पार्टी द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया गया। 3 बजे से 5 बजे तक तुलसी विहार मानस परिवार अभनपुर एवं श्रद्धा महिला मानस परिवार कचना अभनपुर के द्वारा मानसगान का सस्वर संगीतमय कथा वाचन किया गया। संध्या आरती वंदन हनुमान चालिसा का पाठ कर 8 बजे रात्रि भण्डारा सामुहिक भोज प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया।

### ये रहे उपस्थित

जिसमें आयोजक समति के डॉ अनिल सिन्हा, शेशलाल साहू, केएल ग्वाल, वेदप्रकाश बघेल, देवेन्द्र साहू, हंसराज साहू, अनुज साहू, लोकेश साहू, राकेश साहू, दुष्यंत कुमार साहू, गंजीर, बृजलाल यादव, हेमराज साहू, डामन साहू, ऋशि सिन्हा, रीकेश साहू, रोहित ओझा, बालाराम साहू, राहुल मण्डावी, राजू, प्रीतम सिन्हा, राठी, ठाकुर व महिला सदस्यो में प्रभा सिन्हा, पेमीन साहू, युरानी साहू, रेणुका साहू, अनिता ग्वाल, रूपा साहू, टुकेश्वरी गजेन्द्र, प्रीति पवा, मंजू यादव, गायत्री साहू, तारेश्वरी साहू, लुकेश्वरी साहू, मेनका साहू, निधि साहू, सोमेश्वरी सिन्हा, रिद्वी साहू, हेमलता मण्डावी, पुष्पा साहू उपस्थित थे।

## ग्राम जरवाय में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

ग्राम जरवाय में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ पुराण का आयोजन समस्त ग्रामवासी के सहयोग से एवं महिला मंडली के तत्वावधान में आयोजित किया गया। व्यास पीठ पर दिलेश्वर उपाध्याय ने कथा ग्राम वासियों को सुनाया।

रात्रि में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, प्रारंभ में कुसुम साहू द्वारा सरस्वती वंदना कर गौ माता के करुण क्रंदन को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। विजय कुमार टंडन ने बच्चों के बचपन को छीनने वाले मोबाइल के घातक दुष्परिणाम का चित्रण किया। योगेश छत्तीसगढ़िया ने छोटे–छोटे कविता के माध्यम से हास्य कविता प्रस्तुत की। गजपति राम साहू ने भोले शंकर तथा माता पार्वती के विवाह का वर्णन किया।

### ये रहे उपस्थित

संचालन केशव राम साहू ने किया। इस अवसर पर पार्वती साहू, संगीता साहू, धनेश्वरी, शांति बाई, गोमती साहू, चित्ररेखा, पुष्पा, मालती, नारद साहू, विजय साहू, किशनलाल, तेजराम, गौकरण, संजय, ताकेश्वर, सूरज कुमार, रमेश, गजाधर यादव, निलेश बीरे, विनोद चंद्राकर ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## क्षणिक सुखों में उलझकर मनुष्य भूल रहा अपना वास्तविक स्वरूप : महासती प्रमिला श्रीजी मसा

### जैन अर्चना भवन में आयोजित हुआ आध्यात्मिक प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के जैन अर्चना भवन के सभागार में जैन आचार्य भगवान श्रीरामलाल मसा की सुशिष्या महासती प्रमिला श्रीजी मसा ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला में जीवन, कर्म और समता पर गहन विचार व्यक्त किए।

महासती श्रीजी ने कहा कि मनुष्य संसार के क्षणिक सुखों में इतना उलझ गया है कि वह अपने वास्तविक स्वरूप को भूल बैठा है। उन्होंने बताया कि यह क्षणिक सुख ही आगे चलकर दीर्घकालीन दुखों का कारण बनते हैं। आत्मा को दर्पण के समान बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आत्मरूपी दर्पण में झांककर स्वयं को पहचानने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने आगमों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक आत्मा अपने-अपने कर्मों के अनुसार सुख और दुख भोगती है। मनुष्य थोड़ा सा कष्ट आते ही विचलित हो जाता है, जबकि महापुरुषों ने बड़े से बड़े मार्मिक कष्टों को भी समभाव से सहन किया और उसे अपने कर्मों का फल मानकर स्वीकार किया।

महासती जी ने जीवन को सांप-सीढ़ी के खेल के समान बताते हुए कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव हमारे अपने कर्मों का परिणाम हैं। हम जैसे कर्म करते हैं, वैसा ही फल प्राप्त होता है। दुख के लिए दूसरों को दोष देना उचित नहीं है, क्योंकि अन्य व्यक्ति केवल निमित्त मात्र होते हैं, वास्तविक कारण हमारे स्वयं के कर्म ही होते हैं। उन्होंने कहा कि बिना विचार किए किए गए पापकर्मों का परिणाम सदैव दुखद होता है। इसलिए व्यक्ति को अपने कर्मों और भावों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। पुण्य कार्य करते समय भी मन के भाव शुद्ध और शुभ होना आवश्यक है, अन्यथा उस पुण्य का फल निष्फल हो जाता है। महासती प्रमिला श्रीजी मसा ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में समभाव बनाए रखना चाहिए और हर स्थिति को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने लोगों से पापकर्मों से दूर रहने और पुण्य की जड़ को मजबूत करने का आह्वान किया। प्रवचन के अंत में उन्होंने कहा कि दुख के कांटे बोना या सुख के फूल खिलाना मनुष्य के अपने हाथ में है। यदि व्यक्ति शुभ भावों के साथ जीवन जीता है तो निश्चित ही उसके लिए कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है।

## गांवों में कांग्रेस से जुड़ने युवा एवं महिलाओं में उत्साह : केशव शर्मा



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम गहिरानवागांव में बूथ एवं पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस के निर्देश पर भूत एवं पंचायत स्तर कि कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। देवरी मंडल कांग्रेस के प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री केशव शर्मा की उपस्थिति में बूथ क्रमांक 39 एवं 40 के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सहारे एवं खेदुरम भूआर्य अध्यक्ष चुने गए।

पंचायत कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथिलेश भूआर्य बनाए गए। बूथ व पंचायत कमेटी के गठन के दौरान केशव शर्मा ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बूथ व पंचायत कमेटी का गठन किया जा रहा है। कांग्रेस कमेटी में जुड़ने के लिए ग्रामीण, महिला व युवा उत्साह से जुड़ रहे हैं। ग्रामीण व किसान आज भी भूपेश सरकार के कार्यकाल को याद कर रहे हैं।

आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने अभी से तैयारी करें। मंडल अध्यक्ष व जनपद सदस्य दुर्गा ठाकुर के अनुसार ग्राम नाहंदा, सुरसुली, बहेराभाटा, खैरा,देवरीबंगला, खपराभाट व फरदफोड में बूथ तथा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। कमेटी गठन के दौरान सरपंच रामकली तारम, सुहद्रा बाई, आशाबाई, अगतूराम, लतलूराम, विजय तारम, ढालसिह ठाकुर, दूजराम निषाद, गोविंद राम, उपस्थित रहे।

### ठेका श्रमिक ने लगाई फांसी पेड़ में लटकी मिली लाश

**भिलाई।** ठेका श्रमिक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। मामले में भट्ठी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर 4 निवासी अजय प्रजापति बीएसपी की कोक ओवन कैंटीन में कुक का काम करता था। रविवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने पेड़ से लटकी लाश देखने पर पुलिस को सूचना दी। तब घटना की जानकारी परिजनों को हुई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## पेंशनर भवन में मां सरस्वती पूजन के साथ बैठक की शुरुआत

# पेंशनरों की समस्याओं को लेकर गुरूर में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज गुरुर की बैठक पेंशनर भवन गुरुर में विद्यादायनी मां सरस्वती के पूजन अर्चन साथ प्रारंभ हुआ। बैठक में तहसील अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी, जिलाध्यक्ष जीके.साहू, जिला उपाध्यक्ष चुन्नीलाल साहू, जिला कोषाध्यक्ष डीआर सोनबोईर, जिला सचिव अग्निहोत्री, संरक्षक डौंडी लोहारा बंजारे, अध्यक्ष गुण्डरदेही अशोक कुमार साहू, अध्यक्ष अर्जुंदा रामनाथ साहू, कोषाध्यक्ष तहसील गुरुर सम्मेराम यादव, उपाध्यक्ष तहसील गुरुर मंतराम राजपुरिया ने विचार व्यक्त किए।

बैठक में कहा गया कि पेंशनरी के भुगतान में मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ के मध्य एक दुसरे राज्य से सहमति लेने की प्रक्रिया को समाप्त किया जाए। केंद्र के समान 1 जनवरी व 1 जुलाई से मंहगाई भत्ता स्वीकृत किया जाए। लंबित एरियर्स का भुगतान किया जाए। पेंशनरों को राज्य के शासकीय सेवकों की भाँति चिकित्सा भत्ता दिया जाए। बैठक में कहा गया संगठन में प्रत्येक पेंशनर सामिल होवे। नवीन सदस्य के रुप में लोकू राम साहू कन्हारपुरी व हिरामनलाल नागवंशी कोलिहामार सदस्यता ली। बैंठक में दिवंगत पेंशनर तहसील ईकाई गुरुर के संगठक भैय्याराम देवान के कार्यों का स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए गए। साथ ही दिवंगत ओलसिंह साहू ग्राम सांगली व दानीराम साहू ग्राम तिलखैरी के धर्मपत्नी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित किए गए। बैंठक के गतिविधियों का संधारण ज्ञानिकराम साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन तहसील सचिव गांधीराम साहू ने किया व आभार प्रदर्शन तहसील उपाध्यक्ष मंतराम राजपुरिया ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411